# **<u>प्रेस नोट</u>**

## **<u>साईबर थाना, जनपद झांसी</u>**

**<u>दिनाँक 08.08.2026</u>**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई,**
- **झाँसी पुलिस द्वारा साईबर अपराध संबंधी 23 अभियुक्तगण गिरफ्तार,**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से मोबाइल फोन 120, डेबिट कार्ड 35 अदद, आधार कार्ड 20 अदद, 04 वोटर आईडी, 01 लैपटॉप, 01 टैब्लेट, बैंक पासबुक 29, 13 बैंक कार्ड, पीली धातु 284 ग्राम, सफेद धातु 1,408 ग्राम मय डिब्बा तथा कुल नगद धनराशि 9,20,510/- रुपये।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रभावी अभियान के क्रम में झाँसी पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम, साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा आमजन को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने हेतु निरन्तर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में साइबर फ्रॉड से संबंधित विभिन्न पोर्टलों, यथा प्रतिबिंब, एनसीआरपी, समन्वय आदि पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं साइबर अपराध संबंधी शिकायतों के विश्लेषण से जानकारी प्राप्त हुई कि अभियुक्तगण द्वारा विभिन्न प्रकार से साइबर अपराध करते हुए तथा कई मामलों में स्वयं को पुलिस अधिकारी/पुलिसकर्मी बताकर लोगों को किसी मुकदमे अथवा आपराधिक प्रकरण में फँसाने की धमकी देकर भयभीत किया जाता है तथा उनसे धनराशि की मांग कर साइबर ठगी की जाती है।

प्राप्त सूचना का संज्ञान लेते हुए झाँसी पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक, साइबर क्राइम, झाँसी श्रीमती अरीबा नोमान के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना कटेरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खौरियाना, मौरियाना एवं काडौर एवं आसपास के अन्य चिन्हित ग्रामों में आज दिनाँक 08.08.2026 को आवश्यक सूचना संकलन एवं सत्यापन के उपरान्त दबिश दी गई।

पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान 23 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से साइबर अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन 120, डेबिट कार्ड 35 अदद, आधार कार्ड 20 अदद, 04 वोटर आईडी, 01 लैपटॉप, 01 टैब्लेट, बैंक पासबुक 29, 13 बैंक कार्ड, पीली धातु 284 ग्राम, सफेद धातु 1,408 ग्राम मय डिब्बा तथा कुल नगद धनराशि 9,20,510/- रुपये बरामद किया गया।

### **<u>पूछताछ का विवरणः-</u>**

मौके से हिरासत में लिए गए व्यक्तियों से की गई प्रारम्भिक पूछताछ एवं उपलब्ध साक्ष्यों से यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा विभिन्न स्थानों पर बैठकर कई प्रकार से सीधे-सादे आमजनमानस के साथ साइबर धोखाधड़ी करते हुए धनराशि वसूली/अर्जित की जाती थी। इसी क्रम में कई मामलों में स्वयं को पुलिस अधिकारी/पुलिसकर्मी के रूप में प्रस्तुत करते हुए फोन के माध्यम से आमजन को

भयभीत किया जाता था। अभियुक्तगण द्वारा पीड़ित व्यक्तियों को किसी मुकदमे, आपराधिक प्रकरण अथवा अन्य पुलिस कार्यवाही में फँसाने की धमकी देकर उनसे धनराशि की मांग की जाती थी। भय एवं दबाव में आकर पीड़ितों द्वारा अभियुक्तगण के बताए गए माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराई जाती थी। इस प्रकार इनके द्वारा शुरुआत में छोटी छोटी साइबर ठगी कर के छोटी-छोटी धनराशि अर्जित की गई। मुनाफे से प्रभावित होकर अपने साथ गाँव के युवा वर्ग के अन्य लड़कों को भी अपने साथ जोड़ कर संगठित रूप से साइबर ठगी करते हुए बड़े स्तर पर साइबर अपराध विगत लम्बे समय से किया जा रहा था।

**पंजीकृत अभियोगः-**

उक्त प्रकरण के संबंध में साईबर थाना, जनपद झाँसी पर मु0अ0सं0 18/2026 धारा 318(4)/335/336(3)/340(2)/317(5) व 66(डी) आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार 23 अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

प्रकरण में प्राप्त डिजिटल एवं अन्य साक्ष्यों का तकनीकी परीक्षण कराया जा रहा है। साइबर अपराध के माध्यम से ठगी गई धनराशि, पीड़ितों की संख्या, अभियुक्तगण द्वारा प्रयुक्त बैंक खातों/मोबाइल नंबरों/डिजिटल माध्यमों तथा इस नेटवर्क में शामिल अन्य व्यक्तियों के संबंध में विस्तृत जानकारी संकलित की जा रही है। विवेचना के दौरान प्रकाश में आने वाले तथ्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**नाम पता अभियुक्त –**

1. राजू पुत्र दीपचन्द्र यादव काडोर उम्र करीब 21 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
2. नीतीश यादव पुत्र विशाल सिंह उम्र करीब 29 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
3. धीरेंद्र यादव पुत्र अर्जुन सिंह उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
4. बृजेन्द्र यादव पुत्र महेश यादव उम्र करीब 27 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
5. प्रदीप यादव पुत्र रामकिशन यादव उम्र करीब 21 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
6. लाल सिंह उर्फ लक्ष्मण पुत्र महेश प्रसाद उम्र करीब 33 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
7. शिवम उर्फ सत्यम यादवपुत्र राम नरेश उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
8. कृष्ण प्रताप सिंह पुत्रभान सिंह उम्र करीब 28 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
9. रक्षपाल यादव पुत्र गजराज सिंह उम्र करीब 29 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
10. रोहित सिंह यादव पुत्र मुन्नालाल यादव उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
11. उमाशंकर यादव पुत्र रामपाल उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
12. पहलवान सिंह पुत्र जहार सिंह उम्र करीब 27 वर्ष नि0 ग्राम खौरियाना, थाना कटेरा, झाँसी,
13. दीपक यादव पुत्र रतिराम उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम खौरियाना, थाना कटेरा, झाँसी,
14. कुलदीप यादव पुत्र मुन्नालाल उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
15. सौरभ सिंह पुत्र नारायणदास उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम खौरियाना, थाना कटेरा, झाँसी,
16. रणविजय यादव पुत्र रामचरण मर्यादा उम्र करीब 24 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
17. संजय सिंह यादव पुत्र महेश प्रसाद उम्र करीब 35 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी,
18. सतीश यादव पुत्र राजेन्द्र यादव उम्र करीब 23 वर्ष नि0 ग्राम मौरियाना, थाना कटेरा, झाँसी,

19. ऋतिक यादव पुत्र बृजेश यादव उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम खौरियनाना, थाना कटेरा, झाँसी,
20. अभिषेक पुत्र ठाकुरदास यादव उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम खौरियाना, थाना कटेरा, झाँसी,
21. अजय यादव पुत्र रामचरण नवासी उम्र करीब 24 वर्ष नि0 ग्राम मौरियाना, थाना कटेरा, झाँसी,
22. बृजेश यादव पुत्र दयाराम उम्र करीब 33 वर्ष नि0 ग्राम मौरियाना, थाना कटेरा, झाँसी,
23. अर्जुन यादव पुत्र भूरेलाल उम्र करीब 53 वर्ष नि0 ग्राम काडौर, थाना कटेरा, झाँसी।

**बरामदगी का विवरण-**

**मोबाइल फोन 120, डेबिट कार्ड 35 अदद, आधार कार्ड 20 अदद, 04 वोटर आईडी, 01 लैपटॉप, 01 टैब्लेट, बैंक पासबुक 29, 13 बैंक कार्ड, पीली धातु 284 ग्राम, सफेद धातु 1,408 ग्राम मय डिब्बा तथा कुल नगद धनराशि 9,20,510/- रुपये।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. साईबर थाना प्रभारी निरीक्षक श्री सतेन्द्र यादव मय पुलिस बल
2. प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबाद श्री रवि श्रीवास्तव मय पुलिस बल
3. प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली श्री अंजन कुमार मय पुलिस बल
4. प्रभारी निरीक्षक थाना सीपरी बाजार श्री जय प्रकाश चौबे मय पुलिस बल
5. प्रभारी निरीक्षक थाना बड़ागाँव श्री वेद प्रकाश पाण्डेय मय पुलिस बल
6. प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर श्री तुलसी राम पाण्डेय मय पुलिस बल
7. थानाध्यक्ष बबीना उ0नि0 श्री राहुल राठौर मय पुलिस बल,
8. थानाध्यक्ष बरुआसागर उ0नि0 श्री प्रकाश सिंह मय पुलिस बल
9. थानाध्यक्ष महिला थाना श्रीमती नीतू मय पुलिस बल
10. थानाध्यक्ष रक्सा उ0नि0 श्री उदय प्रताप सिंह मय पुलिस बल

## जनपदवासियों से अपील

झाँसी पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा फोन पर स्वयं को पुलिस अधिकारी, सीबीआई, क्राइम ब्रांच, न्यायालय अथवा किसी अन्य सरकारी विभाग का अधिकारी बताकर मुकदमे में फँसाने, गिरफ्तारी करने अथवा अन्य कानूनी कार्यवाही का भय दिखाकर धनराशि की मांग की जाए तो किसी भी दशा में घबराकर धनराशि का भुगतान न करें। ऐसे किसी भी फोन कॉल/मैसेज/वीडियो कॉल की सूचना तत्काल संबंधित थाना पुलिस अथवा साइबर क्राइम पुलिस को दें।

साइबर अपराध से बचाव हेतु किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना OTP, PIN, पासवर्ड, बैंक खाते/डेबिट कार्ड संबंधी गोपनीय जानकारी अथवा अन्य संवेदनशील विवरण साझा न करें तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।

झाँसी पुलिस साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु प्रतिबद्ध है।